फूलों से सजाया दरबार

फूलों से सजाया दरबार

फूलों से, सजाया दरबार,
गजानन, आ जाना ॥
आ जाना, महाराज,
गजानन, आ जाना ॥
फूलों से, सजाया दरबार...

घर के अंदर, भवन बनाया ॥
आओ, विराजो महाराज,
गजानन, आ जाना ।
फूलों से, सजाया दरबार...

हाथ में, लोटा, गंगाजल पानी ॥
चरण, धूलाऊं महाराज,
गजानन, आ जाना ।
फूलों से, सजाया दरबार...

चुन चुन, कलियां, फ़ूल मैं लाई ॥
सोहना, बनाया मैंने हार,
गजानन, आ जाना ।
फूलों से, सजाया दरबार...

हाथ, कटोरी, केसर थाली ॥
तिलक, लगाउं महाराज,
गजानन, आ जाना ।
फूलों से, सजाया दरबार...

हाथ में, ज्योति, जगमग होती ॥
आरती, उतारू महाराज,
गजानन, आ जाना ।
फूलों से, सजाया दरबार...

मोदक, का मैंने, भोग बनाया ॥
लड्डूवन, के भरे थाल,
गजानन, आ जाना ।
फूलों से, सजाया दरबार...

सब, भक्तों की, अर्ज यही है ॥
दर्शन, दो महाराज,
गजानन, आ जाना ।
फूलों से, सजाया दरबार...

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33801/title/phoolon-se-sajaya-darbar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |